झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 156 • दुमका • मंगलवार, 15 जून 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com



सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा गुरुकुलम

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com


## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी आप

**नई दिल्ली।** गुजरात में अगले साल विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इन चुनावों को लेकर अभी से ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गईं हैं। सोमवार को आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की है कि 2022 में आप गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। अहमदाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने दावा किया है कि उनके पार्टी उम्मीदवार सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले सोमवार को अपने गुजरात दौरे से पहले रविवार को अरविंद केजरीवाल ने रविवार को गुजराती भाषा में ट्वीट किया था। इसमें उन्होंने कहा था, 'राज्य में अब बदलाव होगा। मैं कल गुजरात आ रहा हूं और राज्य के लोगों से मिलूंगा।'

वहीं गुजरात चुनाव को लेकर सभी पार्टियां पाटीदार समाज को भी साथ लाने की जुगत में लगी हुई हैं। रविवार को कागवड के खोडलधाम में पाटीदार समाज के प्रमुखों की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में तय किया गया है कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री पाटीदार होना चाहिए।

गुजरात के सियासी गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि आम आदमी पार्टी भी इस समय प्रदेश में सक्रिय भूमिका में है। इसके तहत वह पाटीदार समाज को साधने के लिए हार्दिक पटेल को अपना चुनावी चेहरा बनाने की तैयारी में है। ऐसे में भविष्य में हार्दिक पटेल के आप में

### सुविचार

अगर अलीबाबा, माइक्रोसॉफ्ट या वाल मार्ट नही बन पाता है तो मुझे बाकी की जिंदगी इसका अफसोस रहेगा।

• जैक मा

### गुड मॉर्निंग

पत्नीः- लॉकडाउन खत्म होने के बाद भी मैं तुम्हे ऑफिस नही जाने दूंगी।
पतिः- क्यों?
पत्नीः- मुझें कामवाली से ज्यादा तुम्हारा काम अछा लगा।

### बिजनेस

सेंसेक्स

52,551.53+76.77 (0.15%)

निफ्टी

15,811.85+12.50 (0.079%)

### दैनिक पंचांग

तिथिः शुक्ल ग्रीष्म
मास अमांतः ज्येष्ठ
मास पूर्णिमांतः ज्येष्ठ
वारः मंगलवार सम्वतः 2078
नक्षत्रः आश्लेषा - 21:42:30 तक
योगः व्याघात - 08:59:22 तक
करणः बव - 10:51:34 तक

### मौसम

अधिकतम – 42$^{0}$
न्यूनतम – 26$^{0}$

सूर्योदयः 05:22:44
सूर्यास्तः 19:20:11

## चिराग के घर में छाया अंधेरा

# संसदीय बोर्ड के नए नेता पशुपति पारस को लोकसभा स्पीकर ने दी मान्यता

पटना/एजेंसी।

चिराग पासवान का अंतिम दांव भी फेल हो गया है। बागी हुए चाचा पशुपति पारस से मिलने गए चिराग की पारस से मुलाकात नहीं हो सकी। चिराग अपनी मां को लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव लेकर पारस से मिलने पहुंचे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने पशुपति पारस को एलजेपी संसदीय दल का नेता होने पर मुहर लगा दी है। पहले पार्टी के पांचों सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात कर उन्हें पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक में लिए फैसले की जानकारी दे दी थी। बैठक में पशुपति कुमार पारस को सर्वसम्मति से पार्टी का नेता और संसदीय दल का अध्यक्ष चुन लिया गया था। साथ ही चौधरी महबूब अली कैसर को उपनेता चुना गया।



### • ललन सिंह की भूमिका अहम

एलजेपी में फूट डालने की भूमिका लिखने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के करीबी और जदयू सांसद ललन सिंह की अहम भूमिका रही। यह भी बताया जा रहा है कि दो और जदयू नेताओं ने भी इसमें अहम रोल निभाया। एलजेपी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही पशुपति कुमार पारस ने अपने साथियों के साथ तुरंत ललन सिंह से उनके बंगले पर जाकर मुलाकात की। इससे यह बात पूरी तरह पक्की हो जाती है। वैसे इस पूरी कवायद को अंजाम देने में बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष और जदयू विधायक महेश्वर हजारी के साथ ही एक और नेता के भी मददगार होने की चर्चाएं चल रही हैं। अंदरखाने चल रही चर्चाओं के मुताबिक सूरजभान सिंह ने भी इस बदलाव में भूमिका निभाई। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान भी चिराग पासवान ने अपने पार्टी नेताओं की राय के उलट रणनीति बनाई। चुनाव में करारी हार के बाद भी चिराग ने अपने नेताओं को विश्वास में लेना उचित नहीं समझा और अपनी रणनीति पर कायम रहे।

### • 5 सांसदों ने चिराग को सभी पदों से हटाया

चिराग को लेकर पार्टी में जबरदस्त नाराजगी थी। पार्टी के विधायक तो पहले ही लोजपा का दामन छोड़ चुके थे, अब 5 सांसदों ने चिराग पासवान को अध्यक्ष समेत सभी पदों से हटा दिया है। रविवार देर शाम ही चली लोजपा सांसदों की बैठक में इस फैसले पर मुहर लग गई। पांचों सांसद आज चुनाव आयोग को भी इसकी जानकारी देने वाले हैं।

28 नवंबर 2000 को लोजपा बनी थी। तब से पहली बार पार्टी में टूट हुई है। अब संगठन में भी बड़ी संख्या में लोग पारस के साथ जा सकते हैं। इससे चिराग की ताकत और घट सकती है। अभी तक चिराग को रामविलास पासवान का पुत्र होने का फायदा मिलता रहा था, लेकिन अब उनकी पार्टी पर कब्जे को लेकर जोर-आजमाइश होनी तय है।

# मोदी कैबिनेट के विस्तार की अटकलें तेज

नई दिल्ली/एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने सरकारी आवास पर सोमवार रात को केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक की। माना जा रहा है कि यह बैठक केंद्रीय मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल और अन्य मंत्रियों के आकलन के लिए हो रही है।


पिछले दिनों शिवसेना और अकाली दल ने एनडीए को छोड़ दिया है। उसके बाद कुछ नेताओं ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और कुछ मंत्रियों की मौत हो गई। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस मंत्रिमंडल विस्तार में उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों के कुछ नेताओं को जगह को मिल सकती है। एनडीए के कुछ सहयोगियों को भी जगह मिल सकती है। वहीं कुछ मंत्रियों को कैबिनेट से हटाकर संगठन में भेजा सकता है। महाराष्ट्र से 2 से 3 लोगों को कैबिनेट में जगह मिलने की संभावना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक की थी। यह बैठक प्रधानमंत्री आवास पर हुई थी। इसके बाद शनिवार को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, नरेंद्र सिंह तोमर, गजेंद्र सिंह शेखावत, महेंद्र नाथ पांडे, हरदीप पुरी और वीके सिंह ने अपने-अपने मंत्रालयों का प्रजेंटेशन दिया था और उनके काम की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राष्ट्रीय राजधानी के दो दिवसीय दौरे के दौरान भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बाद उत्तर प्रदेश में भी मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी चर्चा बढ़ गई हैं। हालांकि सूत्रों ने कहा कि मोदी कई बार केंद्रीय मंत्रियों से मिलते रहे हैं और नड्डा भी वहां मौजूद रहे हैं। भाजपा इन दिनों विभिन्न राज्यों में अपने संगठन और सरकारी कार्यों की समीक्षा में जुटी है। वहीं, हाल ही में नड्डा ने पार्टी महासचिवों के साथ एक बैठक भी की थी।

# ब्लैक फंगस से एक दिन में 5 की मौत

रांची/एजेंसी।

राज्य में ब्लैक फंगस खतरनाक रूप ले रहा है। पिछले 24 घंटे में ब्लैक फंगस से पीड़ित 5 मरीजों की मौत हो गई है। अबतक इस बीमार से राज्य में 25 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के स्टेट नोडल अफसर आईईसी सिद्धार्थ त्रिपाठी के अनुसार ये मौतें रांची, रामगढ़, गढ़वा, गोड्डा व कोडरमा (1-1) में हुई है। साथ ही, 4 नए मरीज भी मिले हैं। राज्य में अब तक 130 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें 79 मरीजों में ब्लैक फंगस की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 51 संदिग्ध हैं। 37 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं।



### • 7 जिले रेड जोन में पहुंचे झारखंड

ब्लैक फंगस के बढ़ते मामलों के कारण सात जिले रांची, रामगढ़, पलामू, हजारीबाग, गिरिडीह, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम रेड जोन में आ गए हैं। वहीं पांच जिले बोकारो, चतरा, धनबाद, गोड्डा और कोडरमा येलो और देवघर दुमका, गुमला, जामताड़ा, लातेहार व साहेबगंज ग्रीन जोन में हैं। इधर, ब्लैक फंगस का इंफेक्शन रोकने के लिए केंद्र सरकार की ओर से चेकलिस्ट जारी की गई है। चेक लिस्ट में मरीजों को इलाज के दौरान इंफेक्शन से बचाने, ट्रीटमेंट और स्टेरॉयड के इस्तेमाल पर बताया गया है।

# 16 जून से खुलेंगे देश के सभी बंद स्मारक

नई दिल्ली/एजेंसी।

कोरोना की दूसरी लहर के कम होते ही देश के कई राज्यों में लगी पाबंदियां अब धीरे-धीरे हटने लगी हैं। इसी के तहत अब कोरोना की वजह से बंद सभी स्मारकों को खोलने का फैसला लिया गया है। केंद्र सरकार ने देश के सभी स्मारकों को 16 जून से खोलने का ऐलान किया है। यानी 16 जून से इन सभी स्मारकों में पर्यटकों को जाने की इजाजत होगी। बता दें कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण के चलते 15 अप्रैल से देश के सारे स्मारकों को बंद करने का आदेश दिया गया था। पहले ये पाबंदियां 15 मई तक थीं लेकिन बाद में इसे बढ़ा कर 31 मई तक कर दिया गया था।



केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसका ऐलान किया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, 'आज पर्यटन मंत्रालय ने सभी स्मारकों को 16 जून 2021 से विधिवत खोलने की स्वीकृति प्रदान की है।

## शोध में हुआ खुलासा: 98 फीसदी लोगों को संक्रमण से बचा रही टीके की पहली खुराक

# कोरोना वायरस से जंग में एक डोज काफी

नई दिल्ली/एजेंसी।

अगर कोरोना के टीके की एक डोज भी आपने लगवाई है तो आपको 98 फीसदी संक्रमण होने का खतरा नहीं है। चंडीगढ़ पीजीआई के डॉक्टरों की इस रिसर्च ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के देश में चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान में एक नई जान फूंक दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने चंडीगढ़ पीजीआई के इस शोध के खुलासे के बाद देश के अन्य प्रमुख चिकित्सा संस्थान और कॉरपोरेट अस्पतालों से भी शोध करने को कहा है। वहीं कई संस्थान शोध शुरू भी कर चुके हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक चंडीगढ़ पीजीआई ने जिन मरीजों में टीके की एक डोज लगाई और जिन मरीजों में टीके की दोनों डोज लगीं, उन पर शोध किया। शोध के दौरान पाया



गया कि जिन मरीजों में टीके की एक डोज़ लगाई गई, उनमें संक्रमण का खतरा महज दो फीसदी था और जिन मरीजों में टीके की दोनों डोज़ लगाई गईं, उनमें भी संक्रमण का खतरा महज दो फीसदी ही था। यानी शोध के बाद यह पाया गया कि टीके की पहली खुराक के लगने के साथ ही कोरोना संक्रमण से बचने की संभावनाएं 98 फीसदी ज्यादा हो जाती हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में देश के टीकाकरण पर नजर रखने वाली कमेटी के प्रमुख डॉ एनके अरोड़ा कहते हैं कि पीजीआई का यह शोध बताता है कि टीकाकरण की पहली डोज से ही लोग कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षित होने लगते हैं।

### • तीन माह में बनेंगे 50 मॉड्यूलर हॉस्पिटल

कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने के लिए केंद्र ने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को तुरंत मजबूती देना वाला प्लान बनाया है। केंद्र की योजना है कि अगले तीन महीने में देशभर में 50 मॉड्यूलर हॉस्पिटल बनाए जाएं, जिनमें आईसीयू बेड्स के साथ ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था हो। ये मॉड्यूलर हॉस्पिटल मौजूदा अस्पतालों के करीब ही बनाए जाएंगे। इसके जरिए हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जाएगा।

खास बात है कि तीन करोड़ की लागत से बनने वाले इस तरह के अस्पताल तीन हफ्तों के कम समय में तैयार किए जा सकेंगे। इनमें आईसीयू, ऑक्सीजन सपोर्ट और दूसरे लाइफ सपोर्ट सिस्टम की सुविधा होगी।

### • खतरनाक 'डेल्टा प्लस' के छह नए केस

कोरोना की दूसरी लहर में देश में तबाही मचाने वाला डेल्टा वैरिएंट अब और ज्यादा खतरनाक डेल्टा प्लस में बदल गया है। वैज्ञानिकों को आशंका है कि कोरोना मरीजों को दी जा रही मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज कॉकटेल इस वैरिएंट पर बेअसर हो सकती है। कोविड वैरिएंट्स पर पीएचई की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 7 जून तक डेल्टा प्लस वैरिएंट के 6 केस सामने आ चुके थे।





Unique Id: JH/2021/0276302

SAICARE FOUNDATION

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207
Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014
+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632
Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com

आवश्यकता



झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

# 6 साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

● जिले के रामगढ़, सरैयाहाट और जामा बनता जा रहा है साइबर अपराधियों का गढ़

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका।** भोले-भाले गरीबों के पाकेट साफ करने में माहिर 6 साइबर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर किए गए इस कारवाई की जानकारी सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी अंबर लकड़ा ने दी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अपराधियों में रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत आमपाड़ा गांव का अमित मंडल पिता प्रकाश मंडल, धोवा गांव का विनय कुमार, पिता राजेंद्र साह, ठाड़ी गांव का नितेश कुमार साह पिता विजय साह, बन्दरी, सालजोरी सरैयाहाट प्रखंड का विभिषण कुमार मंडल पिता गौरीशंकर मंडल, बंदरी का ही निरंजन कुमार मंडल पिता कामेश मंडल और लक्ष्मण मंडल पिता मोहन मंडल है। श्री लकड़ा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि वे लोग भोले-भाले लोगों को झांसा देकर उनके रूपए उड़ाया करते थे और इन सभी कार्यों में सीएसपी संचालक उसका साथ देते थे। उन्होंने कहा कि ये लोग सप्ताह में तकरीबन आठ दस लाख रूपए का लेन-देन अवैध तरीके से करते थे। सीएसपी संचालक को इसके एवज में मोटी रकम दी जाती थी जिससे कि इन लोगों का धंधा फल-फूल रहा था। गौरतलब है कि करमाटांड़ जो कि पूरे देश में साइबर अपराध के मामले में बदनाम है ठीक उसी प्रकार दुमका का रामगढ़ प्रखंड भी इस दिशा में आगे जा रहा है।



हालांकि दुमका पुलिस जिले से साइबर अपराध को खत्म करने के लिए कमर कस चुकी है। श्री लकड़ा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के अलावा पुलिस सीएसपी संचालक रोहित साह उर्फ चिकू, प्रमोद कुमार मंडल, पिता नागेंद्र मंडल ग्राम बंदरी, सरैयाहाट, पप्पू मंडल पिता हरि मंडल ग्राम दोला मोड़ रामगढ़, अंजय मंडल उर्फ मनोज मंडल पिता नागेंद्र मंडल, बंदरी सरैयाहाट, विवेक कुमार मंडल पिता नरेश कुमार मंडल कारूडीह सरैयाहाट, सुनील रजक, पिता अशोक रजक मचकोल तालझारी दुमका, अजित मंडल पिता रामवृक्ष मंडल चिकनिया जामा दुमका की तलाश जारी है। श्री लकड़ा ने कहा कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से दस मोबाइल फोन के अलावा फर्जी एटीएम कार्ड के अलावा काफी ऐसे दस्तावेज बरामद किया गया है जो कि जांच में पुलिस के काम आएगा। कांड के उदभेदन में मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय विजय कुमार, पुलिस निरीक्षक संजय सुमन, हंसडीहा प्रभाग, रूपेश कुमार रामगढ़ थाना प्रभारी, साइबर सेल प्रभारी दुमका के दिलीप पाल की भूमिका उल्लेखनीय है।

## एनसीसी को एच्छिक विषय बनाने को लेकर कुलपति से मिले कर्नल रणधीर

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0सोना झरिया मिंज से सोमवार को 4 झारखंड गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल रणधीर सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान कर्नल रणधीर ने कुलपति प्रो मिंज से राष्ट्रीय कैडेट कोर को ऐच्छिक विषय के रूप में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कुलपति से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रावधानों के अनुरूप एनसीसी को एच्छिक विषय के रूप में शामिल करने के निर्णय का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक, विभागाध्यक्षों के साथ इस विषय को लेकर चर्चा करने की इच्छा जाहिर की।

## कालाजर को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से-डीसी ने की बैठक



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका।** उपायुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में कालाजर को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की।

● **बैठक में मुख्य रूप से इन विषयों पर चर्चा की गयी**

गाँव मे चिन्हित बुखार के रोगी जिन्हें दो सप्ताह से अधिक बुखार है तो चिन्हित मरीज के पास जाकर सहिया द्वारा कालाजार के लक्षण का जांच किया जाएगा। कालाजर का लक्षण पाए जाने पर 48 घण्टे के अंदर जांच कराया जाएगा।जांच में यदि कालाजर होने की पुष्टि हो जाती है तो जल्द से जल्द इलाज प्रारंभ कर दिया जाए। इसकी जिम्मेवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की होगी। 2 चरण में स्क्रीनिंग किया जाएगा 15 से 19 जून तक सहिया चिन्हित रोगी के घर जाकर कालाजर लक्षण की जांच करेंगी।इसके उपरांत उक्त रिपोर्ट को ब्लॉक में समर्पित करेंगी।20 से 30 जून एमपीडब्ल्यू द्वारा सहिया द्वारा रिपोर्ट को क्रॉस चेक किया जाएगा।

जिला स्तर से तथा प्रखंड स्तर से इसकी मोनिटरिंग की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि प्रतिदिन के रिपोर्ट को उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। सिविल सर्जन, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, बीटीएस, एमटीएस, केअर इंडिया के प्रतिनिधि, कालाजार के पर्यवेक्षक आदि उपस्थित थे।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के रक्तदान शिविर में नए रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

● **सचिव, वाइस चेयरमैन सहित कई लोगों ने किया रक्तदान**

**दुमका।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी दुमका शाखा द्वारा ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 11 लोगों ने रक्तदान किया। नए रक्त दाताओं को सोसायटी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अमरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस संघ व रेड क्रीसेंट समाज ने 14 जून को वार्षिक तौर पर रक्तदान दिवस पहली बार मनाकर इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि कई लोग स्वस्थ होते हुए भी रक्तदान करने में झिझकते है। ऐसे लोगों को सोसाइटी रक्तदान के प्रति जागरूक कर उसे प्रोत्साहित करती है। कोविड-19 का वैक्सीन लेने वाले व्यक्ति भी 14 दिन के बाद रक्तदान कर सकते हैं। वाइस चेयरमैन राजकुमार उपाध्याय ने बताया कि महामारी में रक्त की आवशयकता बढ़ी है पर रक्तदाता घट गए हैं, हमें लोगों को रक्तदान के लिए और अधिक प्रोत्साहित करना होगा। संयुक्त सचिव मनोज कुमार घोष ने बताया कि रक्त से लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। इसलिए लोग रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ देवाशीष रक्षित ने कहा कि कोविड-19 के दौरान मांग के अनुरूप रक्तदान नहीं होने से ब्लड की किल्लत बनी रहती है भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा महामारी के समय रक्तदान शिविर लगाकर लोगों में जागरूकता फैलाना सराहनीय कदम है। रक्तदान शिविर में सोसाइटी के वाइस चेयरमैन डॉ राजकुमार उपाध्याय, सचिव अमरेंद्र कुमार यादव, रेखा देवी, तपन कुमार दास, रंजीत कुमार मिश्रा, प्रिंसी रक्षित, नीलकंठ राय, वाहिद अंसारी, रवि कुमार सिंह, मोनू कुमार, सारिक अंसारी ने रक्तदान किया।

## पीड़ित परिवार के बच्चों को लाभ दिलाने का प्रयास जारी



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका।** कोविड-19 से अनाथ हुए पारा शिक्षक के बच्चे एवं परिवार की सूधी लेने सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम मसलिया पहुंची। टीम में प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत और न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी विजय यादव शामिल थे। प्राधिकार झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष अपरेश कुमार सिंह एवं प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज राम शर्मा के निर्देशानुसार शिशु प्रोजेक्ट के तहत लाभ दिलाने को मृतक के परिवार से मिलने प्रखंड के गोलबंधा पंचायत के गोलपुर गांव मिलने पहुंचे। जहां पीड़ित परिवारों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए बच्चों को शिक्षा-दीक्षा के लिए स्पॉन्सरशिप योजना और शिक्षक के पत्नी को विधवा पेंशन का लाभ दिलाने को लेकर पंचायत सचिव एवं पीएलवी को निर्देशित किया। प्राधिकार सचिव श्री भगत ने बताया कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार कोरोना महामारीकाल में अनाथ हुए बच्चों और उनके परिजनों का खोज किया जा रहा है। अब तक जिले में 10 बच्चे चिन्हित किए गए है। जिसमे से छह को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पीड़ित परिवार के बच्चों को केंद्र और राज्य सरकार के नए प्रोजेक्ट के तहत बच्चों और पीड़ित परिवार को लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए पीएलवी को आवशयक दिशा-निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीएलवी द्वारा पंचायतों एवं सुदूर ग्रामीण इलाकों में ऐसे बच्चों को चिहिन्त करने को निर्देशित किया गया है। जिससे सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने को लेकर संबंधित कागजात तैयार किया जा सके। इस अवसर पर पीड़ित परिवार को सुखा राशन वितरण किया गया। इस अवसर पर पीएलवी उत्तम कुमार एवं नीरज कुमार उपस्थित थे।

## डीटीओ ने बिना मास्क और हेलमेट के बाइक चलाने वालों से वसूला जुर्माना

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



**दुमका।** जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेंद्र रजक के निर्देश पर सोमवार को नगर थाना के सहयोग से नगर परिषद चौक में अभियान चलाकर बिना मास्क और हेलमेट के बाइक चलाने वालों से दस हजार रुपया जुर्माना वसूला। जांच के दौरान जब भी किसी बाइक सवार को बिना मास्क के पकड़ा गया तो हर कोई बहाने बनाने लगे। किसी ने कहा कि अगली बार पकड़े जाने पर जो कहेंगे, जुर्माना भर देंगे लेकिन आज छोड़ दीजिए। इसके बाद भी नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं गया। परिवहन विभाग के प्रधान लिपिक टीएन मिश्रा ने बताया कि अनदेखी करने वालों से जुर्माना लेकर बाकायदा रसीद दी गई है। लगातार कार्रवाई के बाद भी लोग मास्क और हेलमेट के प्रति गंभीर नहीं हो रहे हैं। सभी ने अभी से कोरोना को समाप्त मान लिया है। लगातार इसी तरह से अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वालों से जुर्माना लिया जाता रहेगा। अभियान में नगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक छेदी खान के अलावा विभागीय कर्मी संदीप, बीरेंद्र, अमित रंजन व मनोज उरांव शामिल थे।

# संक्षिप्त समाचार

## दहेज के लिए पत्नी को सताने वाले गिरफ्तार

**दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** रानीश्वर थाना की पुलिस ने दहेज की खातिर पत्नी को सताने वाले फरार दो आरोपित को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एक की गिरफ्तारी बंगाल से और दूसरे की इसी थाना क्षेत्र के हकीगतपुर गांव से की गई है। थाना प्रभारी राजीव प्रकाश ने बताया कि पिछले साल पांच मई को वीरभूम जिला के राजनगर थाना के गुड़काटा गांव के कालीदास बास्की के खिलाफ उसकी पत्नी ने प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। रविवार को उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं एक मार्च को पहली पत्नी की शिकायत पर हकीगतपुर गांव के नजरुल खान के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया था। उसे भी रविवार की रात घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## छेड़खानी का विरोध करने पर किशोरी के अपहरण का प्रयास

**दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** रानीश्वर के टोंगरा थाना क्षेत्र के बांसकुली गांव के तीन युवकों ने शनिवार की शाम छेड़खानी का विरोध करने पर किशोरी के अपहरण का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर सभी युवक भाग गए। रविवार की देर शाम पिता के बयान पर पुलिस ने विवेकानंद माल, राजा बागती व तारक बागती के खिलाफ मामला दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने थाना प्रभारी नवल किशोर पासवान को बताया कि गांव के तीनों लड़के बेटी को रोज आते जाते वक्त परेशान करते हैं। रास्ते में अभद्र टिप्पणी करते हैं। शनिवार की शाम बेटी दुकान में नाश्ता लेने के लिए गई थी। लौटने के क्रम में रोककर छेड़खानी की और विरोध करने पर अपहरण करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर घर के लोग दौड़े तो सभी भाग निकले। रविवार को वह पत्नी के साथ शिकायत लेकर युवकों के घर गए तो उल्टे उनके साथ मारपीट की। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज तीनों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत



**दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** काठीकुंड थाना क्षेत्र के आमझरी गांव के पास सोमवार की सुबह स्कारपियो की ठोकर से बाइक सवार 26 वर्षीय जेसकल सोरेन की मौत हो गई। मृतक के पिता जेम्स सोरेन जिला स्कूल में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी हैं। मेडिकल कालेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया।जेम्स परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जिला स्कूल में बने आवास में रहता है। वह मूल रूप से अमड़ापाड़ा के पचुवाड़ा गांव का रहने वाला था। सुबह बाइक से पैतृक घर जा रहा था। तेज गति की वजह से दोनों वाहन नियंत्रण नहीं रख सके और स्कारपियो ठोकर मारने के बाद दुमका की ओर भाग गई। हादसे की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी श्यामल मंडल मौके पर पहुंचे और शव कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जेसकल एसपी कालेज में बीए का छात्र था। उसकी मौत की खबर सुनकर कालेज के छात्र और छात्राओं ने पोस्टमार्टम हाउस जाकर अंतिम दर्शन किया। पिता समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल था। पिता का कहना था कि मना करने के बाद भी बेटा पैतृक घर जाने के लिए निकला था। रास्ते में पता नहीं कैसे क्या हो गया। पिता के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## कल्पना मेडिकल दवा दुकान के संचालक की ब्लैक फंगस से मौत



**दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** शहर के कल्पना मेडिकल दवा दुकान के संचालक अमित कुमार दास (पॉम) की कोलकाता में ब्लैक फंगस से मौत हो गयी है। वह जिले के तीसरे व्यक्ति हैं जिनकी ब्लैक फंगस से मौत हुई है। जानकारी के मुताबिक दो माह पूर्व निमोनिया होने पर अमित कुमार दास (54 वर्ष) को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां बाद में उन्हें ब्लैक फंगस हो गया जिससे अंततः उनकी मौत हो गयी। सोमवार को उनका शव कोलकाता से दुमका स्थित उनके आवास पर लाया गया।

## वीसी ने प्रोवीसी को किया सम्मानित



**दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ हनुमान प्रसाद शर्मा का विदाई समारोह का आयोजन कर कुलपति डॉ सोनाझारिया मिंज ने सम्मानित कर विदाई दिया. मोके पर कुलसचिव डॉ डीएन सिंह, डॉ विनोद कुमार शर्मा सहित विवि के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे.

## प्रतिकुलपति का विदाई समारोह का आयोजन



**दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ हनुमान प्रसाद शर्मा का विदाई समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें अभाविप के विभाग संगठन मंत्री बबन बैठा एवं अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष यादव ने प्रतिकुलपति से मिलकर पुस्तक एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिसमें अभाविप के संगठन मंत्री बबन बैठा ने की कहा की इनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है विवि के विकास का बहुत बडा योगदान रहा है. प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने कहा कि इन्होने सभी छात्रों को एक साथ लेकर कार्य किया है किसी प्रकार का परेशानी इनके कार्यकाल में देखने नही मिला.






# पुलिस ने सफीकुल शेख हत्या कांड मामले में एक महीने में खुलासा, हत्या करने वाले भुरु माल गिरफ्तार एवं भेजे गये जेल



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
सफीकुल शेख हत्याकांड का मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस कांड का उद्भेदन करते हुए एसपी मणिलाल मंडल ने अपने कार्यालय का शिकार प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया 12 मई को महेशपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनारपाड़ा स्थित तालाब में एक शव को तेरता हुआ बरामद किया गया था. शव की पहचान सफीकुल शेख 40 वर्षीय ग्राम मियांपुर मुरा-रोई निवासी के रूप में किया गया था. मृतक के पत्नी मोसेहार बीबी के लिखित आवेदन पर महेशपुर कांड संख्या 76/21 धारा 302 के तहत अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया था। एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महेशपुर नवनीत एंथोनी हेम्ब्रम के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में मृतक के मोबाइल का सीडीआर के अवलोकन और सीसीटीवी फुटेज गवाहों के बयान पर परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त भुरू माल सोनारपाड़ा निवासी को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया. अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि कुछ दिन पहले मुरारोई का रहने सफीकुल शैख से ब्याज पर कर्ज के रूप में 90 हजार रुपया लिया था। लिए गये रुपए से ये जुआ खेला. जिसमें सारे रुपया हार गया। सफीकुल शैख कर्ज के रूप में दिए गए रुपया का मांग कर रहा था, इस बात तनाव में आकर भुरू माल ने सफीकुल शेख को बोला कि सोनारपाड़ा में लड़की सेट किए हैं. सोनारपाड़ा के खगड़ा स्थित तालाब के पास करीब 11:00 बजे अंधेरे में बुलाया और सेक्स पावर बढ़ाने का दवा बोलकर नशीला दवा खिला दिया.
जब सफीकुल शेख नशा में आ गया तब तेजधार चाकू से भुरू माल ने सफीकुल शेख का गर्दन को रेतकर हत्या कर दिया. मृतक के पॉकेट से 9000 और मोबाइल लेकर फरार हो गया. 13 मई को अभियुक्त ने मृतक के मोबाइल पर अपना सिम डालकर उपयोग किया. पुलिस ने इस निशानदेही पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. घटनास्थल से फेंके गए सेक्स पावर बढ़ाने वाली दवा को भी पुलिस ने बरामद किया है।
इस टीम में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महेशपुर नवनीत एंथोनी हेम्ब्रम, पुलिस निरीक्षक उमाशंकर, थाना प्रभारी रत्नेश कुमार मिश्रा, पुलिस अवर निरीक्षक अनुसंधानकर्ता रिंकू रजक, शुभम कुमार, अमर कुमार, ब्रजकिशोर सिंह, बैजनाथ दास, रोहित कुमार, यादव और सुनील मरांडी रिजर्व गार्ड मौजूद थे. पुलिस को इस कांड का उद्भेदन करने में एक माह लगा.

## स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल का भिड़ंत से मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा-हिरणपुर मुख्य सड़क करियोडिह गांव के समीप स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल का भिड़ंत से मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल व्यक्ति को ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा लाया गया. डॉ शेखावत हुसेन ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया. जानकारी की अनुसार मोटरसाइकिल चालक पाकुड़ कलिदासपुर निवासी छोटू टुडू 23 वर्ष पाकुड़ की ओर से गाड़ी संख्या डब्ल्यूबी 58 आर 3685 से लिट्टीपाड़ा की ओर आ रहा था वही विपरीत दिशा से जा रही स्कॉर्पियो संख्या जेएच 17 एफ 6910 से सीधी टक्कर हो गया. जिससे मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दिया गया. सूचना मिलते ही थाना के एएसआई भूदेव मंडल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को सीएचसी लाया गया. डॉ शेखावत हुसेन ने बताया घायल युवक का दाहिना पैर बुरी तरह से टूट चुका है. प्राथमिक उपचार कर पाकुड़ रेफर कर दिया गया है. वही घटना के बाद स्कार्पियो फरार बताया जा रहा है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## दो मिनट उनके नाम जो हमारे बीच नहीं रहे: उपायुक्त




(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। इसमें दिवंगतों की आत्मा की शांति और कोरोना से बीमार हुए लोगों के लिए स्वास्थ्य की कामना की गयी। 11 बजे समाहरणालय सभागार में 2 मिनट का मौन रखकर उपायुक्त कुलदीप चौधरी, उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, आईटीडीए निर्देशक मो० शाहिद अख्तर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी, जिला शिक्षा अधीक्षक दुर्गानन्द झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी महेशराम, जिला सुचना विज्ञान पदाधिकारी ऋषि राज, जिला खेलकूद पदाधिकारी समेत अन्य ने उन लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिनका कोरोना के कारण निधन हो गया।

## कुपोषित बच्चे को एमटीसी भेजा गया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
सोमवार को अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पतरापाड़ा में कुपोषित खोज पखवारा के तहत एक कुपोषित बच्चा मिला. बच्चे का नाम दुमली पहाड़ीन पिता बूढ़ा पहाड़िया को सेविका के सहयोग से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फहतेपुर लाया गया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर शालिनी कुमारी एवं पिरामल स्वास्थ्य के प्रखंड परिवर्तन पदाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता



ने बच्चे को देखने के बाद बच्चे को माल नरेश ट्रीटमेंट सेंटर सोनाजोरी पाकुड़ 108 वाहन के द्वारा पाकुड़ भेज दिया. मौके पर पतरापाड़ा की आंगनबाड़ी सेविका एवं बच्चे का माता-पिता उपस्थित थे.

## प्रखंड और थाना के समीप कोविड-19 का सैंपल संग्रहित किया गया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
पाकुडिया कोरोना वायरस के रोकथाम व इससे बचाव के मद्देनजर कोविड 19 की जांच हेतु सोमवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार की अगुवाई में प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया के गेट के समीप एवं थाना के मुख्य गेट के समीप एवं गनपुरा में विशेष जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान आम जनो का कोविड 19 जांच हेतु सैम्पल संग्रहित किया गया। साथ ही शिविर में सैम्पल देने वालों का पूरा विवरण भी एकत्र किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सभी स्वाब सैम्पल की जांच एंटीजन किट व ट्रू नेट मशीन से की जायेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया मैं सैम्पल संग्रहण केंद्रों में 80 लोगों का स्वाब सैम्पल लिया जा चुका था तथा आगे शिविर में उपस्थित लोगों के जांच का कार्य चल रहा था। मौके पर अलख कुमार, विनोद ढाका, नागेश्वर प्रसाद, अटल बिहारी, नित्या कुमार पाल, राजकुमार ठाकुर, नूर आलम शेख, सतीश टुडु, रविंद्र मुर्मू, शिवराम किस्कू सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## बच्चा चोर गिरोह सक्रिय हर 15 दिन में हो रहा चोरी

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ती जा रही है. पुलिस इस पर नकेल लगाने में नाकाम है. चोर गिरोह के आतंक से अमड़ापाड़ा बाजार के दुकानदार परेशान है। पिछले एक महीने के दौरान तीन दुकानों में चोर गिरोह ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर गिरोह में बाल उम्र के लोग शामिल है जो रात में खपरैल दुकानों को अपना निशाना बना रहे है। खपरा को हटाकर बाल चोर दुकान में घुस कर चोरी की घटना को आसानी से अंजाम देने में कामयाब हो रहे है। बाजार में न तो रात को पुलिस की पेट्रोलिंग होती है और न ही चौकीदार पहरेदारी करते है। इसी का फायदा उठाकर बाल चोर लगातार बाजार में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात बच्चा चोर के द्वारा वीते रात को बाजार स्थित प्रतिष्ठित मिष्ठान भंडार अकलू मिष्ठान दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया




है. इसकी सूचना जब दुकान मालिक अकलू भगत और उसका बेटा दुकान खोलने आया तो देखा कि दुकान के छतपर से खपड़ेल हटा हुआ है और पैसे का लॉकर टूटा हुआ। पैसे के लॉकर में रखा हुआ नकदी खुदरा रुपया लेकर फरार हो गया. इसकी सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस पहुंचकर आवश्यक पूछताछ किया. दुकान का मालिक और उसका बेटा ने बताया कि शनिवार को साप्ताहिक हाट में जितनी बिक्री हुआ था वह सब खुदरा पैसा लॉकर में रखा हुआ था रविवार को पूर्ण लॉकडाउन रहने के कारण मिष्ठान दुकान बंद था. इसी का फायदा उठाकर चोर नकदी खुदरा लगभग 10 से 15 हजार लेकर फरार हो गया. इससे पहले नंदलाल भगत, अंजनी भगत के किराना दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने में चोर गिरोह कामयाब रहे है। इसकी लिखित शिकायत पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में किसी प्रकार की वारदात नहीं होने दिया जाएगा जल्द ही अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

## वर्षो बाद भी पंचायत सचिवालय जाने वाली सड़क अधूरी



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका ।**
शिकारीपाड़ा प्रखंड के मुरायाम पंचायत सचिवालय वाली सड़क वर्षों बाद भी आधी अधूरी पड़ी है। मुरायाम गांव से गंद्रकपुर सीमा तक लगभग 1.5 किलोमीटर सड़क बहुत ही खराब स्थिति में है। इस पंचायत के अंदर 9 गांव आते है । हल्की बारिश से ही वाहन तो दूर पैदल भी चलना मुस्किल हो जाता है। पूरी सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे और बोल्डर होने के कारण ग्रामीणों को 8 से 10 किलोमीटर घूम के पंचायत भवन आना पड़ता है। जिससे ग्रामीणों को बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण भी बहुत से ग्रामीण पंचायत नही आ पा रहे है। इस सड़क से ही मुरायाम गांव के बच्चे उच्च शिक्षा हेतु आना जाना करते है. सड़क नहीं बनने से बच्चे भी नाखुश है. यह सड़क मुरायाम पंचायत और गंद्रकपुर पंचायत सचिवालय को जोड़ने वाली सड़क है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क का जल्द से जल्द निर्माण किया जाए जिससे हम सब ग्रामीणों को पंचायत सचिवालय जाने में कठिनाई उत्पन न हो।

# संक्षिप्त समाचार

## महिला स्वास्थ्य सफाई कर्मी की मौत,

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** अमड़ापाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला स्वास्थ्य सफाई कर्मी छाया देवी 55 वर्ष की अचानक प्रेशर बढ़ने से मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार छाया देवी 55 वर्ष समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 25 वर्ष से कार्यरत थी. वह तीन दिनों से बीमार थी, उसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था. डॉक्टर के द्वारा आज दुमका रेफर कर दिया गया. दुमका ले जाने के दौरान काठीकुंड के पास उनका अचानक मौत हो गया. जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य कर्मी को निजी आवास पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसके परिजनों के द्वारा लाया जा रहा है और पोस्टमार्टम लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है. वही स्वास्थ्य कर्मी की मौत से परिजन शोकाकुल है. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रेम कुमार मरांडी ने बताया की महिला सफाई कर्मी के मौत प्रखंड स्वास्थ्य कर्मी आहत है. उनकी आतम की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया.

## शिक्षक के प्रयास से 40 लोगों का टिका लगाया गया

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** सोमवार को महेशपुर प्रखंड के बासकेंद्री पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक उत्तम चंद्र गोराई, पारा शिक्षक रंजीत कुमार, पारा शिक्षिका अनिता कुमारी और सीआरपी आशुतोष कुमार के द्वारा बसमाती गांव में लोगो से वैक्सीन लेने हेतु जनसंपर्क कर मोटिवेशन किया गया. जिसके फलस्वरूप काफी संख्या में लोग वैक्सीन लेने आए. सोमवार को यहां 18 प्लस के 30 और 45 प्लस के 10 लोगों को वैक्सीन दिया गया. प्रखंड से इतना ही वैक्सीन उपलब्ध कराया गया है, वैक्सिन समाप्त हो जाने के कारण कुछ लोगों को बिना वैक्सीन लिए वापस लौटना पड़ा।

## कांग्रेस कमिटी द्वारा कोरोना ने जिन लोगों को हमसे छीन लिया है उनके लिए सर्व धर्म प्रार्थना सभा किया गया




**पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** कांग्रेस भवन पाकुड़ में जिलाध्यक्ष उदय लखमानी के नेतृत्व में कोरोना ने जिन लोगों को हमसे छीना है उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु एक सर्व धर्म शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें दिवगंतों की आत्मा की शांति और कोरोना से बीमार हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना हेतु प्रार्थना की गई। इस प्रार्थना में सबसे पहले 2 मिनट का मौन रखकर उन लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया उसके बाद ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि आज जो लोग भी कोरोना से प्रभावित हैं उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले। इस प्रार्थना सभा में जिलाध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ कांग्रेसी सेमिनुल इस्लाम, प्रखंड अध्यक्ष मनसारूल हक, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अफजल हुसैन, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, उपाध्यक्ष प्रमोद डोकनिया, जिला सचिव कृष्णा यादव, जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा, यूथ जिला महासचिव मोहम्मद सिराजुद्दीन, वसीरुद्दीन शेख, नूर बख्श, सफीकुल इस्लाम, मुसलूद्दीन, मोतिउर रहमान, शफीक अहमद, ऐनुल, मोहम्मद आबिद, आसिफ बीबी, मिथुन मरांडी, कल्पना सिंह, नकीजुर शेख, अमिति देवी आदि मौजूद थे.

## दुधानी चर्च के समीप गिरा विशाल पेड़, आवागमन ठप्प, विद्युत आपूर्ति बाधित



**दुमका । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** सोमवार को दुमका शहर के दुधानी चर्च के समीप एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया। इस घटना में किसी प्रकार के जान माल की क्षति तो नहीं हुई, लेकिन बिजली के तार पर पेड़ गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गयी और आवागमन बाधित हो गया। इस घटना की वजह से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासनिक स्तर पर पेड़ को काटकर हटाने का प्रयास जारी है, जबकि विद्युत विभाग द्वारा विद्युत बहाली का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल सोमवार की सुबह से ही दुमका में रुक-रुक कर वर्षा हो रही है। लगातार हो रही वर्षा के कारण पेड़ धराशायी हो गया।

## सोमवार को नहीं मिला कोई कोरोना पॉजिटिव

**दुमका । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि कोई व्यक्ति कोरोना संक्रमित नही पाया गया हैं। अब तक दुमका जिला में कुल 4605 लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। अबतक कुल 45 लोगों की मौत हो चुकी है। आज कुल 7 लोग कोरोना संक्रमण से ठीक हुए। वर्तमान में कुल 52 कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज किया जा रहा है।
उपायुक्त ने लोगों से अपील कि है कि बिना मास्क के घर से बाहर नहीं निकलें व सामाजिक दूरी का पालन करें।अफवाहों से दूर रहें। स्वास्थ विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

## पुलिस पदाधिकारियों ने दिया श्रद्धांजलि




**दुमका । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** पुलिस अधीक्षक दुमका अंबर लकड़ा के निर्देशानुसार नगर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में कोविड-19 महामारीकाल में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए नगर थाना परिसर में दो मिनट का मौन रख पुलिस पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि दिया.

# संक्षिप्त समाचार

## आत्मा की शांति के लिए वृक्षारोपण किया

**हजारीबाग। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** चौपारण प्रखंड के देहर में, प्रभु दांगी की माँ के आत्मा शांति के लिए बड़ी तादाद में लोग पहुंचे एवं प्रभु दांगी की मां के लिए 2 मिनट का मौन एवं वृक्षारोपण किया गया, वृक्षारोपण का तात्पर्य हुआ कि जैसे-जैसे वृक्ष बढ़ते जाएगी उनकी माँ उनके साथ साथ रहेगी। वृक्षारोपण की विचारधारा को लोगों ने सराहा और प्रकृति के लिए एक अच्छी सोच बताई, अगर हर बेटा अपनी मां की याद में वृक्ष लगाए तो संसार में कभी भी ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी, प्रभु दांगी अपनी माँ के लिए वृक्षारोपण कर एक सकारात्मक विचार के लिए आज सुर्खियों में बने हुए हैं। बहुत तादाद में लोग पहुंचे हुए थे, जिसमें नागेंद्र दांगी मुकेश कुमार दांगी आशीष सिंह उमेश कुमार दांगी बाबूलाल दांगी विक्रांत कुमार प्रजापति किशोरी प्रजापति कोठारी सिंह कई लोग वृक्षारोपण में कई लोग सहयोग थे

## कोरोना जांच एवं टीकाकरण शिविर में लोगों ने दिखाई उत्साह

**हजारीबाग। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** वैश्विक महामारी कोरोना को मात देने के लिए ग्रामीण स्तर पर भी लोग कोरोना का जांच एवं वैक्सीनेशन शिविर में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को बछई पंचायत अंतर्गत ग्राम डुमरी स्थित पंचायत भवन में शिविर लगाकर 18 से अधिक उम्र वाले लोगों का टीकाकरण किया गया। जिसमें 50 लोगों ने टीका लगवाया, वही 10 लोगों को आरटी पीसीआर से कोरोना का जांच किया गया। इस संबंध में मुखिया सह प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र रजक ने कहां की वैक्सीन लेने एवं कोरोना जांच कराने के लिए लोगों की भीड़ सुकून देने वाली है। उन्होंने कहा कि इसके लिए लगातार प्रयास किया गया। लोगों के घरों में जाकर टीका लेने एवं जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि लोग महामारी की भयावकता को समझते हुए जांच कराने एवं टीका लेने की प्रक्रिया में तेजी आ सके।

## पूर्व सैनिक के परिवार को 10000 रुपए का किया आर्थिक सहयोग

**हजारीबाग। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन की ओर से पूर्व सैनिक स्वर्गीय रामकृष्ण प्रसाद जी के विष्णूपुरी स्थित आवास में जाकर उनकी पत्नी और उनका बेटा आकाश कुमार को संगठन की ओर से अध्यक्ष अरविंद ओझा मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार सदस्य वीरेंद्र सिंह और सदस्य किशुन राम ने 10000 रुपए का आर्थिक सहयोग दिया। साथ ही अरविंद ओझा, मनोरंजन कुमार वीरेंद्र सिंह किशुन राम ने एक स्वर में कहा कि आपके साथ संगठन हर सुख दुख में खड़ी है सिर्फ सेवा का मौका दीजिएगा। जानकारी के लिए बताते चलें कि रामकृष्ण प्रसाद जी का निधन कोरोना से 23 अप्रैल 21 को आरोग्यम हॉस्पिटल हजारीबाग में हुआ था। साथ ही संगठन के अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि कोरोना काल के संकट की घड़ी में सदस्यों के साथ हमेशा संगठन खड़ी हैं और हर संभव मदद करने का प्रयासरत है साथ ही संगठन के समस्त सदस्यों के तरफ से दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**हजारीबाग। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग रोड़ में करसों पुल के पास एक ट्रक संख्या एचआर 55 एड़ी 9574 ने एक बाइक संख्या जेएच 02 बी 8286 को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें बाइक पर सवार कटकमसांडी थाना क्षेत्र के पबरा गाँव निवासी शिव कुमार पांडे का 34 वर्षीय पुत्र ओमकार कौशिक का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि ट्रक चालक मौके पर से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर बरही थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को थाना लाया। वही मृतक के शरीर को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। बताया जाता है कि मृतक ओमकार कौशिक बरही से होते हुए कटकमसाड़ी अपना घर जा रहा था। इसी क्रम में उनकी बाइक बरही पुल के पास अनियंत्रित होकर फिसल गई और विपरीत दिशा से आती ट्रक के अंदर घुस गया। आस पास के लोग जब बाइक चालक को गिरते देख जोर से आवाज दी। उसके बाद ट्रक के चालक ने अपनी वाहन रोक दी। लेकिन तब तक देर हो चुका था।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में योग्य आयोग्य लाभुकों का किया गया चयन

**हजारीबाग । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** बड़कागाँव प्रखंड के अंतर्गत डाडी कला पंचायत भवन में ग्राम प्रधान श्रीमति गुलाब देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई।जिसमे प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना के लाभुकों का चयन करने के लिए ग्रामीणों की उपस्थिति में वैसे जरूरत मन्द लोगो का चयन किया गया, जिसका पहले से मिट्टी का मकान है और उसे रहने में परेशानी हो रही है। और वैसे लोगो को सूची से हटाया गया जिसको पहले से प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है और जिसका पहले से पक्का मकान बना हुआ है। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव विजय कुमार, मुखिया पति मोहन महतो, वार्ड सदस्य युगलकिशोर यादव, गुलाम सरवर, योगेंद्र भुइयाँ, राजेंद्र कुमार चौधरी, ऋषि यादव, मिथलेश कुमार, अनुज यादव, बिनोद चौरसिया, लखन भुइयां, मो.सफीउल्लाह, पलको देवी, सीतलि देवी, विलाशो देवी,मो मेधिया, उर्मिला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यालय में शोक सभा का आयोजन

**हजारीबाग । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सरकार के द्वारा दिए गए गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कोविड 19 के द्वितीय फेज में मृत आत्माओं के लिए एक शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा ईश्वर से यह प्रार्थना की गई की ईश्वर उन दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दे तथा इस कठीन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करे। शोक सभा में विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, गोविंद राम, उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी निसार खान, ओम झा, संजय कुमार तिवारी, नरेश गुप्ता, सुनिल कुमार ओझा, बिनोद कुमार सिंह अधिवक्ता, धीरेन्द्र कुमार दुबे, अजित कुमार सिंह, कैलाश पति देव, गोवर्धन गंझू, शारदा रंजन दुबे, निशांत कुशवाह, लखराज सिंह, शशि भुषन प्रसाद, सत्यम कुमार, सुधीर कुमार पाण्डेय, चतुर्भुज कुमार पाण्डेय, रविन्द्र कुमार गुप्ता, चंदन कुमार गुप्ता, सुधीर कुमार, उदय कुमार साव, सुनिल कुमार पाण्डेय, विरेन्द्र यादव शिव नंदन साहु, पप्पू आजाद मौजूद थे.

## 2 युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दुमका।** रानेश्वर थाना कांड स0-17/2020, दिंनाक-05.05.2021, धारा-498(ए)/ 306 भा0द0वि0 के प्राथमिकी नामजद अभि0-कालिदास बास्की पे0-बेजेन बास्की ग्राम-गुड़काटा, थाना-राजनगर, जिला-बिरभूम (प0ब0) एव रानेश्वर थाना कांड स0-16/2021, दिंनाक-01.03.2021, धारा-323/ 498(ए)/ 494/ 379/ 504/ 506/ 34 भा0 द0 वि0, प्राथमिकी नामजद अभि0-नजरुल खान, पे0-अब्बास खान, ग्राम-हकीकतपुर पाकुड़तला, थाना-रानेश्वर, जिला-दुमका को बिधिवत गिरफ्तार कर दिंनाक -14.06.21 को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है ।

# कोरोना सदी का सबसे बड़ा महामारी - केएम शर्मा

- गरीबों के बीच मास्क व राशन किट का वितरण

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**गिरिडीह ।** गूंज नई दिल्ली के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के द्वारा सोमवार को बक्सीडीह रोड़ स्थित समित्ति के कार्यालय में गरीबों के बीच मास्क व राशन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी सदी का सबसे बड़ा महामारी साबित हुआ है। दूसरी लहर में लाखों परिवारों को कोरोना ने तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि कोरोन से हर वर्ग प्रभावित हुआ है। आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति द्वारा गरीबों के बीच राशन किट का वितरण बहुत ही सराहनीय कदम है।

समित्ति के सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण गरीबों को सबसे ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गरीबों के बीच भूखमरी की स्थिति उतपन्न हो गयी ऐसे में गूंज नई दिल्ली के सहयोग से राशन किट उपलब्ध करवाया जा रहा है। राशन किट वितरण के पूर्व सभी के हाथों को सेनिटाइज करवा कर मास्क का वितरण भी किया गया। सभी लोगों से लॉकडॉन का पालन करने, मास्क पहनने व सामाजिक दूरी बनाये रखने और जो अब तक वैक्सीन नहीं लिए हैं उनसे वैक्सीन लेने का अपील भी किया गया।




कार्यक्रम में 40 महिलाओं के बीच राशन किट का वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम में प्रोग्राम मैनेजर मो मुस्तकिम, रविन्द्र कुमार, बिलालउद्दीन, सुहागिनी, मीना देवी, रजिया खातून, रेहाना अंजुम, मुनिया देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ बेंगाबाद पुलिस ने की छापेमारी कर भारी मात्रा में महुआ जावा व भट्ठी को किया नष्ट

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**गिरिडीह ।** सोमवार को बेंगाबाद पुलिस के द्वारा सोनबाद गाँव मे अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी की जिसमें बीस जार जावा महुवा,व भट्ठी को नष्ट किया गया वहीं कारोबारी भागने में सफल रहा। ईधर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी कमलेश पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिल रही थी कि बेंगाबाद के सोनबाद गांव में (ठल 114 के बगल में) महुआ का शराब अवैध तरीके से बनाया जा रहा है और बेचा जा रहा है इसी को लेकर आज एक टीम बनाकर आज छापेमारी किया गया और भारी मात्रा में जावा व महुआ और भट्ठी को नष्ट किया है महुवा शराब बेचने वालों धंधेबाज को बख्शा नहीं जाएगा। इस छापेमारी अभियान में एएसआई के सी सिंह व कई पुलिस के जवान मौजूद थे।



## गिरिडीह मधुपुर का भाड़ा 30 गिरिडीह वासियों के साथ नाइंसाफी- कामेश्वर पासवान


- सरकार एक्सप्रेस के नाम पर गिरिडीह मधुपुर ट्रेन पैसेंजर से वसूल रही ज्यादा भाड़ा



(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**गिरिडीह ।** शहर में एक रेलवे स्टेशन है जो अंग्रेजों के जमाने से हैं शुरू में तो वास्प इंजन था फिर डीजल इंजन हुआ और अभी विद्युत इंजन से लोकल ट्रेन संचालित है। आज जानकारी मिला की सुबह वाली ट्रेन में भाड़ा 30 लिया जाता है मधुपुर के लिए और 10:00 बजे दिन में ट्रेन का एवं 5:00 बजे दिन में ट्रेन का 10 भाड़ा लिया जबकि ना शौचालय की सुविधा ट्रेन में है ना पानी की सुविधा ट्रेन में है सुबह-सुबह लोग ट्रेन पकड़ते हैं तो किसी को शौचालय लगता है। किसी को मूत्रालय लगता है तो उसकी भी सुविधा ट्रेन में नहीं है जो वो की सुबह 10:00 बजे और शाम 5:00 बजे लगती है वही बोगी सुबह 5:00 बजे भी लगती है लेकिन उसका भाड़ा 30 रुपैया लेना यह जायज नहीं है। आज जब मैं अपने रिश्तेदार को ट्रेन बैठाने के लिए स्टेशन 10:00 बजे गया तो वहां उपस्थित कई लोगों ने यह बात बताया इस संबंध में मैंने रेल मंत्री स्थानीय सांसद माननीय सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और हमारे भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता आदरणीय बाबूलाल मरांडी को ट्वीट कर जानकारी दी है और आग्रह किया है कि जब सुबह 10:00 बजे वाली ट्रेन में 10 भाड़ा तो 5:00 बजे सुबह में 30 रुपए नहीं होना चाहिए भाड़ा को बराबर रखा जाए और 10 जो उचित भाड़ा है उसी भाड़ा को तय किया जाए एक्सप्रेस के नाम पर 30 भाग लेता है। जबकि तमाम होल्ट में सुबह की गाड़ी रूकती है कहीं से कोई एक्सप्रेस नाम की गाड़ी नहीं है लेकिन एक्सप्रेस के नाम पर भाड़ा लेना जनता के साथ अन्याय है। इसलिए जिला परिषद उपाध्यक्ष होने के नाते मैं मांग करता हूं कि स्थानीय सांसद एवं हमारे विधायक दल के नेता एवं रेल मंत्री इस पर विचार करें और जनता पर जो बोझ है उसे कम करें।

## हजारीबाग एसपी की कार ट्रेलर से टकराई, मेडिका में एडमिट



**हजारीबाग।** हजारीबाग एसपी एस कार्तिक का सोमवार को एक्सीडेंट हो गया। उनकी इनोवा कार एक स्कूटी से टकराने के बाद ट्रेलर में जा टकराई और उसके परखच्चे उड़ गये। हादसे में एसपी गंभीर रूप से घायल हो गये। तीन बॉडिगार्ड सहित 6 लोग भी जख्मी हैं। उन्हें इलाज के लिए रांची के मेडिका अस्पताल में एडमिट किया गया है। इधर स्कूटी पर सवार एक महिला और दो बच्चों को भी काफी चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार एसपी हजारीबाग से रांची आ रहे थे। रामगढ़ के पटेल चैक के पास हादसा हुआ।

## बीडीओ ने हंसडीहा अस्पताल का किया निरीक्षण



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

- ससमय कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

**दुमका।** उपायुक्त राजेश्वरी बी के निदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानन्द जायसवाल द्वारा हंसडीहा अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने अस्पताल में 200 युक्त ऑक्सीजन बेड के लिए किए जा रहे पाइपलाइन कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए किए जा रहे कार्यो का जायजा लिया। साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानन्द जायसवाल के नेतृत्व में लगातार जगह जगह पर मास्क चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कोविड गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालो को दंडित कर जुर्माना भी वसूला जा रहा है, ताकि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण रहे। आज सरैयाहाट प्रखंड अंर्तगत कुल 1400/- रुपये जुर्माना वसूला गया।

## विधायक ने लोगों की सुनी फरियाद

- समस्याओं का किया समाधान



**दुमका।** विधायक बसंत सोरेन ने सोमवार को खिजुरिया स्थित आवास में आमजनों की समस्याओं को सुना। इस दौरान प्रखंड के कई गांवों से आए दर्जनों लोगों ने विधायक के समक्ष व्यक्तिगत, सार्वजनिक समस्याओं को रखा और समाधान की मांग की। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक ने कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया। कुछ समस्याओं के समाधान के लिए फोन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए शासन की योजनाओं की भी जानकारी दी।

विधायक ने कहा कि गर्मी में प्राथमिकता के आधार क्षेत्र की पेयजल समस्या हल करने में फोकस किया जा रहा हैं। ताकि जनता को पानी की समस्या से निजात मिल सके। वे अकेले ही नहीं उनकी पूरी टीम इस कार्य मे जुटी हुई है ताकि जरूरत के अनुसार लोगों की समस्याएं हल हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की हर कल्याणकारी योजनाओं को अपने क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाना मेरा काम है। और इस कार्य को करने में मैं कोई कसर नहीं छोड़ने वाला।इसके अलावा राशन कार्ड, पेयजल और जमीन विवाद से जुड़ा मामला भी आया।

## मैजिक ने हाइवा में मारी ठोकर, सात घायल



**दुमका।** देवघर मुख्य मार्ग पर जरमुंडी प्रखंड के सीमावर्ती मोहनपुर थाना क्षेत्र के सोनारायठाढ़ी मोड़ के समीप सोमवार को गंगा स्नान के लिए जा रही सवारियों से भरी मैजिक ने हाइवा में ठोकर मार दी। हादसे में जरमुंडी ऊपर बाजार के एक ही परिवार की पांच महिला सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों में उमेश पत्रलेख, पत्नी, भाई ढीकू पत्रलेख की पत्नी, नंदकिशोर पत्रलेख की मां व पत्नी और नंदकिशोर के भाई की पत्नी शामिल हैं। सभी लोग जरमुंडी से मैजिक पर सवार होकर सुल्तानगंज गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। इस क्रम में सोनारायठाढ़ी मोड़ के नजदीक मैजिक के आगे चल रहे हाइवा ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे मैजिक वाहन से चालक का नियंत्रण खो गया और उसने हाइवा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। मैजिक की अगली सीट में बैठे उमेश पत्रलेख वाहन में फंस गए। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से देवघर ले जाया गया। सभी का कुंडा के एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# मास्टर रॉल में हस्ताक्षर हेतु रुपये मांगने के विरोध में बीडीओ को आवेदन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**गिरिडीह ।** तिसरी प्रखण्ड अन्तर्गत खिजुरी पंचायत के ग्रामीणों ने सोमवार को मुखिया बड़का टुड्डू के बेटी बसंती टुड्डू के विरोध में बीडीओ को आवेदन देकर न्याय करने की मांग की है। ग्रामीणों ने आवेदन में उल्लेख कर कहा है कि मनरेगा योजना के सभी कार्यो के मास्टर रोल में साइन करने में रुपये की मांग मुखिया की बेटी करती है। मनरेगा योजना के सबंधित कागजात में मुखिया बड़का टुड्डू के हस्ताक्षर मुहर का कार्य भी उनकी बेटी ही करती है। मांग के बराबर रुपये नही देने पर भी मास्टर रोल में हस्ताक्षर करने हेतु आज कल कह कर टहलाती रहती है। ग्रामीणों ने कहा कि बलियारी में बड़की हेम्ब्रोम के पुराने कूप को मरम्मत कर तीन लाख एक्कासी हजार रुपये की निकासी कर ली गई है। दुसरी योजना बलियारी घोड़मरणी से चकलमुंडा तक मनरेगा के मिट्टी मोरम पथ निर्माण में मोरम गिरा कर अवैध निकासी की जांच करने की मांग की है। आवेदन में बुद्धदेव कुमार, प्रकाश यादव, सत्यदेव लाल, पप्पू बरनवाल, चंदन कुमार, सोनू दयाल, अजय यादव आदि कई ग्रामीणों का हस्ताक्षर शामिल है। आवेदन के आलोक में बीडीओ सुनील प्रकाश ने कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच कर सबंधित दोषी पर कार्रवाई की जायेगी। भाजपा नेता उपेंद्र साव ने कहा मनरेगा योजना के तहत खिजुरी पंचायत के कूप, सड़क, डोभा निर्माण में धड़ल्ले से मुखिया के मिली भगत से जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया है। जिसका कई साक्ष्य भी लोगो के पास है और अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बाद भी जेसीबी द्वारा कार्य करने वाले पर कोई कार्रवाई नही हुई और रुपये की निकासी भी बेहिचक निकल रही है। इसकी उच्च स्तरीय जांच सम्बंधित पदाधिकारी करे अन्यथा भाजपा आंदोलन करेगी। सूत्रों के अनुसार तिसरी प्रखण्ड के मनरेगा योजना में करोड़ो का घोटाला किया गया है। कई योजनाओं को किये बिना ही राशि निकाल लेने की बात सामने आ रही हों। परंतु अधिकारियों को इतनी अधिक कमीशन मिल जाता है कि रुपये के लालच में अधिकारी भी कार्रवाई नही करते है।



# संक्षिप्त समाचार

## यू ही नही कहा जाता रक्तदान महादान : मंजूनाथ भजंत्री

- **आपका रक्तदान करना किसी के जीवनदान के सामान है : उपायुक्त**

**देवघर।** सोमवार 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने अपने संदेश में जिलावासियों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान कर के न सिर्फ किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती है बल्कि इससे हमारी सेहत को भी लाभ पहुँचता है। कई लोग यह सोचकर रक्तदान नहीं करते हैं कि इससे उनकी सेहत खराब हो जायेगी, जो कि एक भ्रम के अलावा कुछ भी नहीं है। ऐसे लोग सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में खून की कमी हो जायेगी और वे बीमार पड़ जायेंगे; जो कि पूर्णतः मिथ्या है।

रक्तदान महादान है, वास्तव में सच यही है कि रक्तदान करने के पश्चात कुछ समय में हीं हमारे शरीर में दिये गये रक्त की आपूर्ति पुनः हो जाती है। इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर नहीं पड़ता है।

उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान करने से जो खुशी व स्वास्थ्यवर्द्धक लाभ हमें मिलता है, वह दूसरे किसी और तरीके से नहीं मिल सकता है।

- **रक्तदान के प्रति समर्पित रक्तदाताओं को आभार और अभिनंदनः उपायुक्त**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रक्तदान के प्रति समर्पित रक्त दाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी के निस्वार्थ सेवा भाव के कारण ही आज लोगों के रक्त की जरूरतें पूरी हो रही है। रक्त की पर्याप्त आपूर्ति के लिए मेरा आप सभी से आग्रह होगा कि आप सभी इस मानव सेवा में निस्वार्थ रूप से नियमित रक्तदान करने के समर्पण और इच्छा को कायम रखें।

इसके अलावे उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि कभी-कभी ब्लड बैंक में रक्त की अनुपलब्धता होने से रक्त की आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आवश्यक है कि हम सभी आगे आएं और एक अच्छे उद्देश्य की पूर्ति हेतु अवश्य रक्तदान करें। वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये भी है कि स्वयं को सेहतमंद रखने का यह सबसे अच्छा तरीका है कि हम सभी रक्तदान करें।

## लगातार झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**देवघर।** मानसून का आगाज होती किसानों के चेहरे पर मुस्कुराहट छा गया ।वही कोरोना के संक्रमण का भय भी भूल चुके ।लेकिन 12 जून से लगातार बारिश होने से लोग घर में ही बंद पड़े रहे ।वही देवघर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब लोग को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि 2020 से ही कृषि कार्य में बाधा हो रहा है। सबसे बड़ा बाधा कोरोना वायरस के संक्रमण का भय से खुलकर खेतों में काम नहीं कर पाए। वहीं 2021 के 12 जून से ही रह रह कर भारी बारिश का भी सामना करना पड़ रहा है। इधर यास तूफान ने भारी तबाही मचा कर रहा था। जिसका भरपाई नहीं हो पाए। सारे गरमा फसल बर्बाद हो गया। साग सब्जी लॉकडाउन की वजह से बर्बाद हो गया। इधर बारिश भी अपना कसर पूरा करने में लगा है। किसानों ने बताया कि 2020 से ही प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस ओर राज्य सरकार और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। हालांकि बारिश ने कृषि कार्य के लिए पानी की कमी को समाप्त कर दिया। तालाब पोखर, नदी नाले, झरना आदि में पानी भरपूर मात्रा में है। इस वजह से इस वर्ष फसल की अच्छी पैदा होने की संभावना है।

## जिला यादव महासभा के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष सुभाष यादव की असामयिक निधन, शोक की लहर

**देवघर।** देवघर जिला यादव महासभा के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष सुभाष यादव की असामयिक निधन हो गया। वे 37 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी के अलावा एक बेटी और एक बेटा को छोड़कर चले गए। देवघर में श्री यादव के निधन पर शोक की लहर है।इस मौके पर दुख व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष कृष्णा सिंह यादव के अलावा कटोरिया के पूर्व विधायक राज किशोर प्रसाद और पप्पू यादव, प्रधान महासचिव नगेंद्र प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष नागेश्वर महतो, उपाध्यक्ष कार्तिक जादव, बिहारी महतो, सचिव सुजीत यादव, महिला जिला अध्यक्ष रचना कुमारी, युवा जिला अध्यक्ष मुकेश यादव, सुधांशु शेखर यादव, श्रीकांत यादव, अखिलेश राय, देवघर प्रखंड अध्यक्ष महादेव जाधव, गणेश यादव, डॉ अमरनाथ यादव, डॉ शशिकांत यादव के अलावा समाज के सैकड़ों लोगों ने दुख व्यक्त किया है। वही यदुवंशी युवा सेना के रमेश यादव, राम रेख यादव, फाल्गुनी यादव, विनय यादव, संजय जाधव आदि ने दुःख ब्यक्त किया।

## एनएसयूआई के विश्वविद्यालय महासचिव रवि वर्मा ने किया ए. एस. कॉलेज के प्राचार्य से मुलाकात

**देवघर।** कांग्रेस छात्र सं×गठन एनएसयूआई के द्वारा देवघर के ए. एस. कॉलेज में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय महासचिव रवि वर्मा के नेतृतव में एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने इस कोरोना महामारी के दौरान ए. एस. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार झा जी से मुलाकात किया एंव कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन के चलते छात्रों को हो रही समस्यओं के बारे में अवगत कराया गया और एनएसयूआई के द्वारा कॉलेज में विलम्ब से बी.एड में नामांकरण होने के कारण नांमकित छात्रों को छात्रवृत्ति ना मिलने से उनको होने वाली समस्याओं पर चर्चा की गयी तथा यू.जी. एंव पी.जी. में पढ़ रहे छात्रों के परीक्षा और प्रमोशन से समन्धित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई ताकि भविष्य में किसी भी छात्र को कठिनाई की सामना ना करना पड़े। इसके उपरांत छात्रों के हित को देखते हुए एन.एस.यू.आई के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय महासचिव रवि वर्मा ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करने का प्रयास किया एवं उसी दौरान उन्होंने सभी छात्रों को राष्ट्रीय छात्र सं×गठन की ओर से आश्वासन दिया कि एनएसयूआई उनकी छोटी से बड़ी हर तरह की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर है उनकी हर समस्या को एन.एस.यू.आई कॉलेज से लेकर विश्वविद्यालय तक ले जाकर उसका समाधान करेगी। मौके पर मुख्य रूप से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय महासचिव रवि वर्मा, सैफ दानिश, मनीष कुमार, शशांक सिंह, अनीश कुमार, मयंक सिंह, सिकंदर कुमार, संजीव कुमार आदि दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

# जेएसएलपीएस के सहयोग सरैयाहाट में शुरू किया गया पहला पलाश मार्ट

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया पलाश मार्ट का उद्घाटन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका।** सरैयाहाट प्रखंड के कुशियारी क्लस्टर के कुशियारी आजिविका महिला संकुल संगठन की अध्यक्षता में पलाश मार्ट शॉप का उद्घाटन किया गया।

पलाश मार्ट शॉप का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद जयसवाल के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस दौरान बीडीओ द्वारा जेएसएलपीएस की महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरैयाहाट प्रखंड में जेएसएलपीएस के सहयोग से शुरू किया गया पहला पलाश मार्ट शॉप है।

इस शॉप में सखी मंडल दीदी द्वारा उत्पादित शुद्ध एवं पोषण तत्व से भरपूर समाग्री उपलब्ध है। यह समाग्री बाजार दर से काफी किफायती दरों में उपलब्ध है।

कुशियारी पंचायत के मां जगदम्बा ग्राम संगठन के अंतर्गत लीली स्वयं सहायता समूह की दीदी मोनी कुमारी ने पलाश सप्लायर के रूप में यह शॉप आरंभ किया है। यह शॉप सरैयाहाट प्रखंड में कुरमाहाट एसबीआई के सामने मोनी दीदी द्वारा संचालित किया जा रहा है।

वर्तमान में इस शॉप में आटा, चूड़ा, चना सत्तू, सरसों तेल, मसाला आदि शुद्ध एवं किफायती दरों में उपलब्ध है।

आज के उद्घाटन में जेएसएलपीएस के डीएम स्किल भोलानाथ गुप्ता, बीपीएम वरूण कुमार शर्मा, एपी मनसुख गुड़िया, सीसी जैनेन्द्र कुमार एवं अभिनाश हांसदा, पवन साह एवं अन्य सखी मंडल, ग्राम संगठन एवं सीएलएफ की दीदी मौजूद थीं।

इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएस के स्टाफ ने समाग्री की खरीददारी भी की और सखी मंडल दीदी के कार्य की प्रशंसा भी किए।



## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने 36 यूनिट किया रक्तदान

**देवघर।**

बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम ब्लड डोनेशन ऑन व्हीकल्स की औपचारिक शुरुआत आज दिनांक 14 जून 2021 को विश्व रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर उपायुक्त देवघर सह अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी देवघर इकाई ने रक्त संग्रह वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इस पावन उपलक्ष्य पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी देवघर जिला इकाई के द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन अंबेडकर पुस्तकालय भवन, अंबेडकर चौक,देवघर में किया गया।

इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत प्रातः 11:00 बजे हुई जो संध्या 4:00 बजे सम्पन्न हुई। जिसमें कुल 36 यूनिट रक्तदान किया गया।

रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर दिनेश कुमार यादव एवं रेडक्रॉस उपाध्यक्ष सह सिविल सर्जन, देवघर जुगल किशोर चौधरी ने कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत प्रातः 11:00 बजे समाहरणालय, देवघर से रक्तदान वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर की गई। इन्होंने आज रक्तदान शिविर में भाग लेकर सभी रकतदाताओं का मनोबल बढाया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आइ ए एस श्री अनिकेत सच्चान व अन्य कई सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए।

आज के रक्तदान शिविर में कई ऐसे युवा व युवतियां भी थे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया।



इस मौके पर ब्लड बैंक की तकनीकि टीम सदस्यों ने बेहद सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए सभी रक्तदाताओं का काउंसलिंग भी किया और फिर उनका रक्तदान कराया।

टीम रेडक्रॉस से चेयरमैन जीतेश राजपाल, वाइस-चेयरमैन पीयूष जायसवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्णवाल, सचिव निरंजन कुमार सिंह, जिला प्रतिनिधि ममता किरण, कार्यकारिणी सदस्य- अर्चना भगत, डा. सुनील कुमार सिन्हा, अजय नारायण मिश्रा, विजय प्रताप सनातन, सुरेशानंद झा, सुधांशु बरनवाल, मयंक राय, दीपक सिंह राजपूत, मनोज कुमार सिंह, रीता चौरसिया, मधु कुमारी, देवनन्दन झा, महेश कुमार, अभिषेक नेवर, राजीव रंजन झा, संजय कुमार मिश्रा, श्रीमति राजश्री मालवीय, श्रीमति संगीता देवी सुल्तानिया, श्रीमति उमा छावछरिया, श्रीमति नीतू अग्रवाल व रेडक्रॉस सदस्य- श्री ध्रुव साह, श्री जितेंद्र चौधरी, श्रीमति प्रमिला देवी, श्रीमति रूपा केशरी, श्रीमति रूबी द्वारी झा, श्री अंग्रेज दास, श्री मोहित परासर, श्री प्रशान्त कुमार मिट्ठू, श्रीमति विजया सिंह, श्रीमति अलका सोनी, उद्यमी श्री कनिष्क कशयप, श्री जवाहर सिंह, बिल्डर सह चैम्बर के सचिव श्री संजय मालवीय ने इस शिविर में आकर सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

अम्बेडकर पुस्तकालय संचालन समिति के अध्यक्ष ने ऑनलाइन इस कार्यक्रम में भाग लेकर सभी सदस्य का मनोबल बढाया एवं पुस्तकालय कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद लंकेश, श्री नंदलाल पंडित, मनोज चौधरी व कर्मी सनोज मिर्धा, संतोष, अरूण कुमार ने काफी सक्रिय रूप से इसमें भूमिका निभाई। रक्त अधिकोष प्रभारी श्री डॉत चित्तरंजन कुमार पंकज ने आकर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और रक्तदान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया।

शारिरिक रूप से स्वस्थ एक पैर से विकलांग किन्तु मानसिक रूप से बेहद स्वस्थ व सजग)

रिमझिम वर्षा और खराब मौसम के बावजूद रक्तदाताओं का मनोबल कम नहीं हुआ। रेडक्रॉस के सदस्यों के अथक प्रयास से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 35 रक्तदान हुआ जो बेहद उत्साहवर्धक रहा ।इस कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं रक्तदान में भाग लेने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। फोटोग्राफर के रूप में प्रियांशु झा व नीरज दास इस कार्यक्रम में शामिल थे। रेडक्रॉस टीम ने विशेष रूप से रक्त अधिकोष प्रभारी व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। रक्त अधिकोष के जीएनएम-रेखा दास गुप्ता, एलत्टीत- राजकिशोर दास, एल टी- गौतम कुमार वर्मा, सहायक- छोटू राम, रक्त संग्रह वाहन चालक- गुड्डू यादव शामिल थे।

## संयुक्त रूप से ब्लड डोनेशन ऑन व्हील को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**देवघर।**

सोमवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर से अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव और साथ में रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन रितेश राजपाल, आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह,भाजपा नेत्री रीता चौरसिया, सनातन फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से ब्लड डोनेशन ऑन व्हील को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उन्होंने ब्लड डोनेशन ऑन वाहन का निरीक्षण कर रक्तदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं व व्यवस्थाओं का रेड क्रॉस सोसायटी के सभी मेंबरों के साथ जायजा लिया।



## जागरूकता अभियान से वैक्सिनेशन में भी बढ़ोतरी

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। टीकाकरण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता अभियान का असर जिले में देखने को मिल रहा है। जहां कोविड वैक्सीन लेने के लिए टीका केंद्र पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जागरूकता अभियान से वैक्सिनेशन में भी बढ़ोतरी हुई है। दुमका जिले में 45+ के लिए 315430 लोगों को टीका देने का लक्ष्य निर्धारित है।

- **45+ में टीकाकरण के क्षेत्र में निम्न पंचायत टॉप टेन में है.**

1) मसलिया प्रखंड के रांगा पंचायत- 1092 (90%)
2) शिकारीपाड़ा प्रखंड के शिकारीपाड़ा पंचायत-1015(78%)
3) शिकारीपाड़ा प्रखंड के पलासी पंचायत-1082 (78%)
4) शिकारीपाड़ा प्रखंड के गंद्रकपुर पंचायत-980(76%)
5) दुमका प्रखंड के दरवारपुर पंचायत -863 (75%)
6) दुमका प्रखंड के घाट रसिकपुर पंचायत -822 (75%)
7) सरैयाहाट प्रखंड के चरकापाथर पंचायत-1720 (72%)
8) काठीकुंड प्रखंड के झिकरा पंचायत- 807(72%)
9) शिकारीपाड़ा प्रखंड के मलूटी पंचायत-1006 (71%)
10) रानेश्वर प्रखंड के आसनबानी पंचायत-902 (71%)

दुमका जिले में 18 प्लस से 44 वर्ष तक के 555148 युवाओं को टीका देने का लक्ष्य निर्धारित है।

- **18+ में टीकाकरण के क्षेत्र में निम्न पंचायत टॉप टेन में है.**

1) सरैयाहाट प्रखंड के सरैया पंचायत-2137(61%)
2) जामा प्रखंड के मोहुलबाना पंचायत-1574(52%)
3) मसलिया प्रखंड के रांगा पंचायत- 1123 (50%)
4) शिकारीपाड़ा प्रखंड के शिकारीपाड़ा पंचायत-815 (34%)
5) रानेश्वर प्रखंड के पाथरा पंचायत-787(26%)
6) रामगढ़ प्रखंड के धोबा पंचायत- 625(24%)
7) शिकारीपाड़ा प्रखंड के जमुगड़िया पंचायत-460(23%)
8) दुमका प्रखंड के घाट रसिकपुर पंचायत-4345(21%)
9) मसलिया प्रखंड के गुमरो पंचायत- 477 (18%)
10) रानेश्वर प्रखंड के सदीपुर पंचायत-521(17%)

# स्थानीय भाषा में गीत नाटकीय के जरिए, टीका लेने की अपील

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका।** कोरोना वैक्सीन के संबंध में लोगों के बीच भ्रांतियां मिटाने को लेकर सरैयाहाट प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को स्थानीय भाषा में नाटक के जरिए वैक्सीन के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। नाटक में वैक्सीन लेने वाले व्यक्ति को कोरोना कुछ नहीं कर पाया और जो व्यक्ति वैक्सीन नहीं लिया है कोरोना उसपर हावी हुआ।अंचल कर्मी, बीएलटीएफकी टीम, पोषण सखी, सहिया की टोली गांव-गांव घूम रही है। घर-घर जाकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। लोगों को वैक्सीन लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जागरूकता अभियान के तहत जुड़े टीमों ने कई गांवों का भ्रमण किया और ग्रामीणों से अपील की। आप लोग वैक्सीन लेने से नहीं कतराएं। क्योंकि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। कोरोना के रोकथाम में वैक्सीन को कारगर बताते हुए ग्रामीणों के बीच कहा कि निडर होकर वैक्सीन लें। इससे कोई साइड इफेक्ट नहीं है। कहा कि आप भी वैक्सीन लें और अपने सगे संबंधियों को भी लेने के लिए प्रेरित करें। क्योंकि कोरोना को हराने का यह बेहतर विकल्प है। जब बड़े-बड़े चिकित्सकों का कहना है कि यह सुरक्षित है तो फिर डरना किस बात की। युवाओं से भी ग्रामीणों को समझाने व मन में उत्पन्न भ्रातियां को दूर करने में सहयोग देने की अपील की। सुरक्षा के लिए इंजेक्शन लेना जरूरी है। वैक्सिनेशन की प्रक्रिया में कृषक मित्र भी बढ़ चढ़ कर आगे आ रहें है। आज प्रखंड सरैयाहाट के चन्दुबथान के कृषक मित्र राजेश ,प्रभु द्वारा अपने अपने परिवार के साथ वैक्सीन लिया और अन्य लोगों से भी लेने की अपील की।



# रोजाना खाली पेट कच्चा लहसुन और शहद का करें सेवन, मिलेंगे ये बेहतरीन फायदे

आमतौर पर हर घर में शहद और लहसुन का इस्तेमाल किया जाता है और इन दोनों के फायदों के बारे में हम अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन अगर इसका साथ में सेवन किया जाए तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायोटिक और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।



### * इम्यूनिटी करें मजबूत

» शहद में डूबे हुए लहसुन के सेवन करने से आप कई रोगों से दूर रह सरकते हैं। यह एक सूपर फूड है जो एंटीबायोटिक की तरह काम करता है और बॉडी को डिटॉक्स करके हर तरह के इंफेक्शन को भी दूर करता है। जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होती है।

### * वजन करे कम

लहसुन-शहद का इस तरह सेवन करने से आपका मेटाबॉलिज्म तेजी से काम करता है। जिससे आपको वजन कम करने में मदद मिलती है।

### * सर्दी-जुकाम

सर्दी-जुकाम की समस्या से निजात दिलाने में यह काफी कारगर है। दोनों में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं।

### * गले की खराश

» शहद और लहसुन में एंटी– इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं। जो गले की खराश के साथ सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

### * पाचन तंत्र को रखें फिट

» लहसुन और शहद दोनों मिलकर ऐसे तत्व बनाते हैं। जो आपके पाचन तंत्र को फिट रखते हैं। जिसके कारण आपको कब्ज, डायरिया, एसिडिटी, पेट दर्द जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

### * दिल को रखें हेल्दी

» दोनों में ही ऐसे गुण पाए जाते हैं जो दिल की धमनियों में जमा फैट को बाहर निकालने में मदद करते हैं। जिससे आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन ठीक ढंग से होने लगता है। जिससे कि आसानी से आपका हार्ट हेल्दी रहता है।

### कोलेस्ट्राल को करे कम

» लहसुन और शहद का ये मिश्रण आपके शरीर से विषाक्त तत्वों को निकालने के साथ बैड कोलेस्ट्राल को निकालने में मदद करता है। जिससे ब्लड सर्कुलेशन ठीगक से होने लगता है।

### * दांत को रखें हेल्दी

» लहसुन और शहद में फास्फोरस नामक तत्व अधिक मात्रा में पाया जाता है। जो आपके दांतों को हेल्दी रखने में मदद करता है।

### * फंगल इंफेक्शन

» शहद और लहसुन दोनों में ही एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो फंगल इंफेक्शन से आपका बचाव करता है।

# सुबह उठते ही हो जाएं इन चीजों के दर्शन तो दिन होगा बेहद खास

हमारे लिए हर नई सुबह नई उम्मीदों के किरण लेकर आती है। जब हम रात की नींद के बाद सुबह सोकर उठते हैं तो हमारे मन में नई आशा और नई उमंग होती है। ऐसा भी माना जाता है कि दिन की शुरुआत अच्छी हो तो पूरा दिन अच्छे से बीतता है और आपके साथ सुब कुछ अच्छा ही होता है। प्राकृतिक रूप से या फिर संयोगवश सुबह के वक्त कई बार हमें कुछ ऐसी चीजों के दर्शन हो जाते हैं या फिर कुछ ऐसे संकेत मिलते हैं जिनका अर्थ अच्छा माना जाता है। इन चीजों के सुबह दिखने का अर्थ होता है कि आपका दिन अच्छा बीतेगा। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ बातेंङ्ग

### मकड़ी दीवार पर चढ़ते हुए

» आप सुबह के वक्त नींद से जागें और आपको घर के अंदर या घर के बाहर दीवार पर या फिर कहीं और मकड़ी ऊपर की ओर चढ़ती दिख जाए तो यह आपकी तरक्की का संकेत है। सुबह के वक्–त मकड़ी का इस तरह से दिखना बहुत ही शुभ माना जाता है

### गाय आए आपके द्वार

» अगर सुबह के वक्त गाय आपके द्वार पर आकर रंभाए तो समझ लीजिए कि स्वयं लक्ष्मी माता चलकर आपके द्वार पर आईं हैं। ऐसे में गाय का सत्कार कीजिए और उसे कुछ खाने को रोटी या फिर पालक दें और गाय के चरणधूलि को अपने माथे से लगाएं।

### कानों में पड़ी ऐसी आवाज

» अगर सुबह उठने के बाद आपके कानों में कहीं से मंदिर के घंटे और घड़ियालों की आवाज पड़े तो इसे बहुत ही शुभ माना जाता है। यह संकेत है कि आपके ऊपर भी अब ईश्वरीय कृपा होने वाली है। आपके रुके पड़े काम अब पटरी पर आने लगेंगे। घर से नौकरी के सिलसिले में अगर कहीं जाएं तो आपको किसी के घर से पूजा की घंटी की आवाज सुनाई दे या फिर कोई व्यक्ति आरती गा रहा हो या फिर कहीं से हवन करने की ध्वनि आए तो इसे बहुत ही अच्छा माना जाता है।









### पक्षियों की आवाज

» अगर सुबह नींद से जागने के बाद आपके घर की मुंडेर पर कोई पक्षी आकर बैठे जैसे कबूतर, तोता या फिर चिड़िया तो इसे बहुत ही शुभ संकेत समझिए। इसका अर्थ है कि अब आपके अच्छे दिन शुरू होने वाले हैं। समझ लीजिए कि भगवान आपके घर प्रसन्न हैं और इन पक्षियों के रूप में अपने दूत भेज रहे हैं। घर में पक्षियों के लिए दाना चुगने और पानी की व्यवस्था जरूर रखें।

### दिख जाए ऐसी महिला

» अगर आप सुबह के वक्त किसी काम से बाहर निकलें और आपको लाल कपड़े पहने कोई सुहागिन महिला दिख जाए तो समझ लीजिए कि अब आपकी किस्मत भी चमकने वाली है। सुहागिन स्त्री के दर्शन होना बहुत ही शुभ माना जाता है।

### ये चीजें भी मानी जाती हैं शुभ

सुबह सवेरे गोबर, सोना, तांबा, हरी घास देखना भी शुभ माना गया है। यह वस्तुएं आपको प्रकृति से जोड़े रखती हैं और आपका दिन शुभ बनाती हैं। इन वस्तुओं को शुभता के प्रतीक के तौर पर देखा जाता है और सुबह के वक्त इनका दिखना बहुत शुभ होता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) आरएनआई प्रिंट कोड-2019096529